# जिला अस्पताल के शौचालय में मिला अधेड़ का शव

**पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर किया पंचनामा तैयार**

**शिनाख्त के लिए अस्पताल में रखा गया वृद्ध का शव**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मुख्यालय पर स्थित शासकीय जिला चिकित्सालय की सुरक्षा पर आए दिन उंगलियां उठने लगी हैं। बीते दिनों एक नवजात शिशु मिलने से जिला अस्पताल प्रबंधन पर लोगों ने सवाल खड़े किए थे जिसमें पुलिस ने संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनसे पूछतांछ की थी। यह मामला अभी शांत नहीं हुआ और शनिवार को जिला चिकित्सालय के शौंचालय में एक अधेड़ का शव मिलने से एक बार फिर जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

दरअसल शनिवार को जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर के पास स्थित शौंचालय में अधेड़ का शव मिलने से सनसनी का माहौल देखने को मिला है। इस घटनाक्रम को लेकर जिला चिकित्सालय में उपचार ले रहे मरीजों से लेकर उनके परिजन और अस्पताल के कर्मचारी तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

इस घटनाक्रम की सूचना पर तत्काल ड्यूटी डॉक्टर स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को उठाकर उसकी जांच कराई तो पता लगा कि संबंधित की मौत हो चुकी है। मृतक की पहचान अस्पताल में मौजूद लोगों से कराई गई लेकिन किसी ने भी उसकी पहचान नहीं की। अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

डॉक्टरों और वार्ड बॉय की मदद से शव को शौचालय से बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमॉर्टम रूम में शिनाख्त के लिए अस्पताल में रखवाया गया है। पुलिस मृतक की पहचान करने और घटना की जांच में जुट हुई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास करती रही। मुख्यालय पर स्थित शासकीय जिला चिकित्सालय की सुरक्षा पर आए दिन उंगलियां उठने लगी हैं।

> शनिवार को शासकीय जिला अस्पताल में मिले अधेड़ के शव को लेकर लोग जहां तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं व्यक्त कर रहे हैं वहीं मामले में सिविल सर्जन डॉक्टर अमित शुक्ला ने बताया कि जानकारी में पता चला है कि मृतक चेकअप कराने अस्पताल आया था। इसी दौरान वह टॉयलेट गया और वहीं पर उसकी मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा। फिलहाल उसका शव पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया है। कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी गई है।

## एनएसए के तहत की गई कार्यवाही

**सिरोंज,** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल गुप्ता द्वारा असद खान जिलानी निवासी ग्राम खुदारामपुर, थाना मुरवास को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए केन्द्रीय जेल भोपाल में निरूद्ध किए जाने का आदेश पारित किया गया है. बीते दिनों सोशल मीडिया पर भारत माता के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में आरोपी असद पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था. जानकारी के अनुसार बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक स्थानीय नागरिक द्वारा की गई पोस्ट पर आरोपी द्वारा भारत माता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी. जिसके बाद शहर का माहौल गर्मा गया था.



# पेट की भूख मिटाने मासूम गंदगी में ढूंढ रहे प्लास्टिक

**खेलने और पढ़ने की उम्र में कर रहे यह काम**

**सरकार की योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ**

नवभारत न्यूज

**पठारी 11 अक्टूबर,वैसे तो सरकार गरीबों के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रही है परन्तु यह योजनायें गरीबों से कोसों दूर दिखाई दे रही हैं,जिससे खेलने कूदने एवं पढ़ाई की उम्र में मासूम बच्चे नगर की गंदगी एवं कचरे के ढेर से प्लास्टिक एवं लोहे के टुकड़े चद्दर इकट्ठा करके पेट की भूख मिटाने जद्दोजहद करते दिखाई देते हैं. इन बच्चों की जिंदगी से खेलने कूदने एवं शिक्षा काफी दूर हो चुकी है.**

इन दिनो नगर में अपने पेट की भूख मिटाने के लिए छोटे-छोटे बच्चे गंदगी और कचरे के ढेर से प्लास्टिक इकट्ठा करते हुए घूम रहे हैं.छोटी बच्चियों से लेकर उनकी माताएं भी प्लास्टिक के बोरी में गंदगी एवं कचरे के ढेर से सामग्री इकट्ठा करते नजर आ रहे हैं पेट की भूख मिटाने के लिए गंदगी के ढेरो से प्लास्टिक इकट्ठा कर अपने परिवार का पालन पोषण करने की कवायद में जुटे रहते हैं.

शासन की योजना तो चल रही है परन्तु कई गरीबों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता.जिस कारण गरीब नागरिकों को परिवार चलाने के लिए अपना घर छोड़कर दूरदराज क्षेत्रों में जाकर प्लास्टिक इकट्ठा करके परिवार के पालन पोषण की व्यवस्था जुटानी पड़ती है. पेट भरने की कवायद के चलते हम एवं हमारे परिवार के बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं.

### कई गरीबों को योजनाओं का लाभ नहीं

प्लास्टिक इकट्ठा करने वाली खजरा एवं खामखेड़ा निवासी महिला ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह कार्य हमारे परिवार में सभी लोग करते हैं हमें भी यही करना पड़ रहा है हम लोग चार पांच दिन मेहनत करते हैं तब जाकर हमारे हाथ में हजार दो हजार रुपए आ पाते हैं. हम सरकार की योजना का लाभ उठाने के लिए दर- दर भटकने के बाद जब हमें लाभ नहीं मिल पाता तब हमारे सामने अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए हमें अपने घरों से दूर रहना पड़ता है जिसके कारण हमारे परिवार के बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते.




# नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अक्टूबर. सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशा मुक्ति परामर्श एवं उपचार उपचार केंद्र संस्था एवं इमानुएल हाई सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से स्कूल में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता का कार्यक्रम किया गया.**

कार्यक्रम मे सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त संचालक डॉ.डीएस यादव उपस्थित रहे. स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा नशा न करने पर भाषण प्रस्तुत किए. संयुक्त संचालक डी.एस यादव ने नशे से होने वाले दुष्ट प्रभाव से अवगत कराया. प्राचार्य आनंद गुप्ता ने भी नशे से होने वाली हानियों से अवगत कराया एवं सभी छात्र-छात्राओं को नशा न करने की शपथ दिलाई. भाषण प्रतियोगीता में प्रथम, द्वितीय, तृतीयस्थान पाने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया.

## महाराजा अजमीढ़ जयंती पर चल समारोह आज

**ब्यावरा 11 अक्टूबर, का.** महाराजा अजमीढ़ जयंती के उपलक्ष्य में आज 12 अक्टूबर को नगर में स्वर्णकार समाज समागम का आयोजन रखा गया है तथा विशाल भव्य चल समारोह निकाला जाएगा. मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज जिला संगठन के जिला अध्यक्ष गोपाल सोनी सारंगपुर वालों, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सोनी एडवोकेट, जिला सचिव प्रकाश नारायण सोनी तलेन वालों ने बताया कि स्थानीय वल्लभा परिसर में सुबह 11 बजे दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी इसके बाद अतिथि और वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा. तत्पश्चात वल्लभा परिसर से भव्य चल समारोह दोपहर करीब 1.30 बजे प्रारंभ होगा.



## एसएटीआई में 'आइडिएशन वर्कशॉप' शुरू

नवभारत न्यूज

**विदिशा, एसएटीआई में शनिवार को तीन दिवसीय 'आइडिएशन वर्कशॉप' का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषदआइडिया लैब तथा इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है.**

विशेषज्ञ वक्ता के रूप में डॉ. वरुण मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया. संस्था के डायरेक्टर डॉ. वाईके जैन, डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर बीओजी सचिव, ने कार्यशाला की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी. इस दौरान डॉ. आशुतोष दातार, डॉ. पंकज अग्रवाल, डॉ. स्वीटी जैन,नीरज धाकड़ उपस्थित रहे.

## शताब्दी वर्ष पर भव्य पथ संचलन

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा.इस अवसर पर नगर के स्वामी विवेकानंद पार्क मुरलीधर मंदिर के पास से प्रमुख मार्गों से बैंड दल, ध्वजवाहक दल एवं संस्थान के विद्यार्थियों, सदस्यों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की अनुशासित टुकड़ियाँ भाग लेंगी.पथ संचलन में पूर्ण गणवेश के साथ गौरवशाली इतिहास और आदर्शों का संदेश जन-जन तक पहुँचाएंगे.विदिशा विभाग के विभाग प्रचारक सौरभ सिंह के उद्बोधन के पश्चात नगर भ्रमण के लिए पथ संचलन रवाना होगा, जिसका स्वागत नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा व्यवस्था के साथ किया जाएगा.

# बाजार व्यवस्था बनाने हटाया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 11 अक्टूबर, का. दीपावली त्यौहार के पूर्व शनिवार को नपा प्रशासन का अमला नगर में यातायात एवं बाजार बैठक व्यवस्था बनाने बाजार में निकला. दुकानों के काफी आगे तक रखा सामान, टीनशेड, दंती व अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटाया तथा सामान को जप्त करने की कार्यवाई की.**

विदित है कि नगर की यातायात एवं बाजार बैठक व्यवस्था काफी बुरी तरह से बिगड़ी हुई है. सड़क पर बेतरतीब खड़े ठेले, वाहनों, दुकानों के आगे रखे सामान के कारण आवागमन के लिए बहुत ही कम जगह रह पाती है. इस समस्या से लम्बे समय से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. त्यौहार के समय स्थिति और भी बदहाल हो जाती है.



### टीनशेड नहीं बनते बाधक

> अतिक्रमण हटाने की कार्यवाई के दौरान यह बात भी सामने आई कि टीनशेड से किसी तरह का कोई यातायात, बाजार बैठक व्यवस्था प्रभावित नहीं होती है. टीनशेड ऊपर लगे होते है. टीनशेड के कारण ग्राहकों को धूप एवं बरसात के समय सामान खरीदने में राहत मिलती है. हर बार अतिक्रमण हटाते समय टीनशेड पर आफत आती है. इससे व्यापारी को दो-पांच हजार रुपये का नुकसान पहुंचता है.

## आईटीआई में रोजगार मेला 14 को

**सीहोर.** डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 14 अक्टूबर को युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 14 कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड, अप्रेंटिसशिप, ऑपरेटर, फिटर, एसी मैकेनिक, मोटर वाइंडर, सीआरपी ऑपरेटर यूटिलिटी फिटर, बैंकिंग क्षेत्र आदि पदों पर भर्तियां की जाएंगी. इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाणपत्रों के शासकीय आईटीआई सीहोर में उपस्थित हो सकते हैं.

# डब्ल्यूसीएल अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में आग

**अज्ञात कारणों से वार्ड में लगी आग से हड़कंप**

**दमकल ने समय रहते आग पर किया काबू**

**पाथाखेड़ा। डब्ल्यूसीएल के अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में शनिवार को दिन में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।**

आग धीरे-धीरे फैलते हुए चार से पांच बेडों के गद्दों तक पहुंच गई, जिससे पूरा वार्ड धुएं से भर गया और अस्पताल परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया गया। समय रहते की गई इस कार्रवाई से बड़ी दुर्घटना टल गई। हालांकि आग की चपेट में आने से आइसोलेशन वार्ड में रखे बिजली के कुछ उपकरण जलकर खाक हो गए।



अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। गनीमत रही कि घटना के दौरान कोई मरीज या कर्मचारी घायल नहीं हुआ। आग लगने की सूचना पर अस्पताल प्रशासन ने तुरंत एहतियाती कदम उठाए और मरीजों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। इस विषय पर जानकारी लेने के लिए जी.एम. लक्ष्मीकांत महापात्र से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उनकी व्यस्तता के कारण बातचीत नहीं हो सकी।

## एक नजर में




### सहोदया कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

**सागर.** सहोदया कबड्डी टूर्नामेंट सेंट मैरी स्कूल गौरनगर मकरोनिया में संपन्न हुआ. जिसमें 11 स्कूलों की टीमों ने भाग लिया. मुख्य अतिथि शारीरिक शिक्षा विभाग की एचओडी मोनिका हर्डिकर, शैलेष मेमोरियाल स्कूल प्राचार्य डॉ एस.बी.सिंह, फादर थॉमस फिलिप का स्वागत किया गया. फादर थॉमस ने कबड्डी टूर्नामेंट के प्रारंभ की घोषणा की. कबड्डी फाइनल में बालिका वर्ग में सेंट मैरी स्कूल गौरनगर, मकरोनिया ने 54/16 के स्कोर से गोमती नंदन पब्लिक स्कूल बीना को हराया. बालक वर्ग में गोमती नंदन पब्लिक स्कूल बीना ने 36/14 के स्कोर को हासिल कर शैलेष मेमोरियल स्कूल को हराया. इस दौरान मैनेजर फादर साबू, सहोदया कोषाध्यक्ष डॉ मंजु कोहली, प्राचार्या सजु जोबी के द्वारा पुरूस्कार वितरित किए गए.



### स्कूल में लगा नि:शुल्क नेत्र शिविर

**ब्यावरा.** विश्व दृष्टि दिवस पर नगर के एस.वी.एन. कान्वेंट स्कूल में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 190 विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई. खुशियों के ओटले के द्वारा यह शिविर सेवा सदन आई हॉस्पिटल भोपाल के सहयोग से आयोजित किया गया. डॉ. धर्मेन्द्र यादव ने बच्चों की नेत्र जांच की एवं आवश्यक परामर्श दिया. इस अवसर पर डॉ. सुरजीत सिंह, स्कूल के निदेशक देवराज परमार सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे.

### बस से उतरने के दौरान ट्रक ने महिला को कुचला

मुलताई। नेशनल हाईवे बैतूल रोड पर ग्राम ससुंद्रा के पास शनिवार दोपहर 12 बजे बस से उतरते समय एक महिला को ट्रक ने कुचल दिया, जिससे महिला कि मौत हो गई।58 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

# कर्मचारी को सस्पेंड करना कोई सजा नहीं

**दोषी पुलिसवालों पर की एफआईआर की मांग**

**पुलिस कार्यप्रणाली पर लगाए कई प्रश्नचिन्ह**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बमुरिया में पुलिस दबिश के दौरान हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में जिला कांग्रेस कार्यालय पर एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस पदाधिकारियों ने पुलिस कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़े करते हुए गंभीर आरोप लगाए।**

इस दौरान विधायक हरिबाबू राय ने कहा कि घटना के बाद हम लोग भी घटना स्थल पर गए थे और उसका मौका मुआवना भी किया था, जिस स्थान को वो बता रहे है, वहां पानी नहीं है, वहीं श्री यादव की मृत्यु पानी में डूबने से नहीं बल्कि उनकी मृत्यु पुलिस की पिटाई से हुई, जिसके निशान मृतक के पीट पर स्पष्ट दिखाई दे रहे थे।

वहीं ग्रामीणों ने भी इस घटना के बारे में बताते हुए बताया कि जिस समय पुलिस आई थी, उस समय बिजली काट दी गई, जिससे की घटना के बारे में किसी को पता न चल सके, लेकिन ग्रामीणों ने देख लिया और ग्रामीणों ने बताया कि जब पुलिसकर्मी लाखन यादव को ले जा रहे थे, तो उनकी सांसे चल रहीं थी कि लेकिन रास्ते कैसे मौत हो गई, यह जांच का विषय है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से लेकर पुलिस व प्रशासन से घटना के आरोपी पुलिसकर्मीयों पर एफआईआर किए जाने और जेल भेजे जाने की कार्रवाई की मांग की गई है।

## भावांतर हेतु सोयाबीन पंजीयन की अंतिम तिथि 17

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में सोयाबीन भावांतर योजना हेतु कृषक पंजीयन किये जा रहे हैं। आज दिनांक तक 2048 कृषक पंजीयन करा चुके हैं। पंजीयन हेतु जिले में 32 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिसमें सेवा सहकारी समिति अशोकनगर, रिजर्दादा, तूमैन, नईसरायं, ईसागढ़, कदवाया, अमरोद, रेटा, महोली, मुंगावली, ऑडेर, रामनगर, डुंगासरा, खोरीबरी, पिपरई, धुर्रा, सारसखेड़ी, रातीखेड़ा, पिपरिया पाटखेड़ा, हिनोतिया (झीला), मूडरा बहादुरा, नादनखेड़ी, वरखेड़ा नई, जागीर द्वारा पंजीयन कार्य किया जा रहा है। सोयाबीन पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूदर है।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत

## कंटेनर की टक्कर से दंपत्ति और बीना के दो डाक कर्मी की मौत

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अक्टूबर. सुरखी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-44 झांसी लखनादौन के बीच सागर नरसिंहपुर मार्ग पर तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार पति पत्नी की मौत हो गई है.**

सुरखी थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार आज शनिवार की सुबह 9.30 बजे नाहरमऊ गौरझामर निवासी अशोक दुबे पत्नी राधा दुबे के साथ मोटर साइकिल एमपी 15 एमएन 2290 से सागर की ओर आ रहे थे कि बरकोटी वेयरहाउस के समीप तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी. जिससे दोनो की मौके पर ही मौत हो गई है.

### दो मोटर साइकिलों की भिड़ंत के बाद कंटेनर ने रोंदा

बीना थाना अंतर्गत खुरई ओवरब्रिज के समीप बीती रात दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत के बाद दो युवक तेज रफ्तार कंटेनर की चपेट में आ गए. जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं एक अन्य युवक घायल बताया गया है. सभी अन्य राज्यों के थे. बीना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कल शुक्रवार की रात्रि में मोटर साइकिल में सवार दीपक पिता मुकेश निवासी पलवल भिबानी हरियाणा और सूर्यकांत साहू निवासी छत्तीसगढ़ की रामपुर निवासी पुष्पेंद्र बुंदेला की मोटर साइकिल से भिड़ंत हो गई.

# भुगतान योजना के हो रहे पंजीयन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में जिले में खरीफ 2025 में सोयाबीन खरीदी भावांतर भुगतान योजना लागू की गई है। इस हेतु किसानों के पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जाना निर्धारित किया गया है तथा फसल विक्रय हेतु भावांतर अवधि 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।**

भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत कोई किसान अपनी सोयाबीन फसल को कृषि उपज मण्डी में विक्रय करेगा तो न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम कीमत पर विक्रय करता है तो सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा विक्रय मूल्य/मॉडल मूल्य के अंतर की राशि सीधे किसान के बैंक खाते में भुगतान करेगी। योजना अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन फसल का विक्रय करने के लिए पोर्टल पर पंजीयन कराने हेतु कृषकों की सुविधा के लिये जिले में पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। इसके साथ ही पंजीयन व्यवस्था के अलावा किसान भाई स्वयं व मोबाईल/कम्प्यूटर से ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कर सकते है। शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में जिले में खरीफ 2025 में सोयाबीन खरीदी भावांतर भुगतान योजना लागू की गई है। इस हेतु किसानों के पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जाना निर्धारित किया गया।

**सुविधा** | **अस्थि विसर्जन मोक्ष वाहिनी सेवा के 17 साल, पूर्व मंत्री भार्गव ने 2008 में की थी शुरुआत**

# धार्मिक मान्यताओं को पूरा करने एक मजबूत व्यवस्था बनाई गई

नवभारत न्यूज

**सागर 11 अक्टूबर. सेवा और जनसेवा के कई प्रतिमान स्थापित है. जिनकी प्रेरणा से लोग इनको अपनाकर आगे बढ़ाने और बेहतर करने में जुटे है. ताकि सामाजिक आर्थिक समरसता बनी रहे और लोगों की भावनाओं, धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं के अनुरूप लोग अपना दायित्व निभा सके.**

वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव अपनी कार्यशैली को लेकर भले ही चर्चा में बने रहते हो. लेकिन आम आदमी की मदद और उनकी धार्मिक मान्यताओं को पूरा करने भी बहुत आगे है. उनकी सामूहिक विवाह कन्यादान योजना वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुकी है और निरंतरता बनी है. इसके बाद सबसे भावनात्मक और हिदू धर्म के महत्वपूर्ण अनुष्ठान से जुड़ी अस्थि विसर्जन यानी देवलोकगमन के बाद मृत आत्मा की मुक्ति या मोक्ष हेतु पुण्य नदियो में मृतक के अस्थियों का विसर्जन कराने का कार्य श्री भार्गव ने शुरू किया. वरिष्ठ विधायक श्री भार्गव बताते है कि हमारी हिन्दू संस्कृति मेंअस्थि एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसमें दाह संस्कार के बाद बची हुई अस्थियों और राख को नर्मदा, गंगा, यमुना, गोदावरी जैसी पवित्र नदियों में प्रवाहित किया जाता है, जिससे मृत आत्मा को शांति मिले.




> यह प्रथा मृत्यु और पुनर्जन्म के हिंदू चक्र में आत्मा को मुक्त करने और पितृलोक की ओर गमन के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है. पूर्व मंत्री श्री भार्गव ने बताया कि अंचल में सर्वाधिक लोग मां नर्मदा नदी में अस्थि विसर्जन करते है. शुरू में क्षेत्र के लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर थे वे अस्थि विसर्जन के लिए मदद मांगते थे, उनको आने जाने का किराया आदि देते थे. इसी दौरान विचार आया कि कोई ऐसी मजबूत व्यवस्था बनाई जाए ताकि गरीब कमजोर तबका अपनी धार्मिक मान्यताओं को पूरा कर सके.